प्रेस सूचना ब्यूरो का कम्प्यूटरीकरण

7845. **चौधरी हरमोहन सिंह :**

श्री आस मोहम्मद :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने प्रेस सूचना ब्यूरो में कम्प्यूटर स्थापित किए हैं ;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान कितने कम्प्यूटर खरीदे गये और उनकी क्या लागत थी तथा 31 जनवरी, 1995 तक उनके रख-रखाव पर कितनी धनराशि खर्च की जा चुकी है ;

(ग) क्या यह सच है कि सरकार/प्रेस सूचना ब्यूरो द्वारा इन कम्प्यूटरों का उचित रूप से प्रयोग नहीं किया गया; और

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस तरह की लापरवाही किए जाने के बारे में क्या कार्यवाही की गयी है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव) : (क) जी, हां ।

(ख) 1992-93 से 1994-95 की अवधि के दौरान 21.38 लाख रुपए की कुल लागत पर 12 कम्प्यूटर खरीद लिए गए हैं जबकि 8.71 लाख रुपए की लागत पर 3 कम्प्यूटरों जिनके लिए 1994-95 के दौरान राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र को अग्रिम भुगतान कर दिया गया है, की अभी आपूर्ति की जानी है । 31 जनवरी, 1995 तक कम्प्यूटरों के रख रखाव पर 0.16 लाख रुपए की राशि खर्च की जा चुकी है ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

मलयालम भाषा की फिल्मों का प्रसारण

7846. **श्री संघ प्रिय गौतम :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1994-95 के दौरान राष्ट्रीय नेटवर्क पर मलयालम भाषा का कितनी फिल्मों का प्रसारण किया गया ;

(ख) निर्धारित मानदण्डों को पूरा करने के लिए और उसके पश्चात् उन्हें प्रसारण में प्राथमिकता देने की क्या औपचारिकताएं हैं ;

(ग) क्या दूरदर्शन पर प्रसारित की जाने वाली फिल्मों की पुनरीक्षा करने के लिए कोई समिति है ;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव): (क) और (ख) दूरदर्शन द्वारा प्रत्येक वर्ष के लिए कोई विशिष्ट संख्या निर्धारित नहीं की जाती है । दूरदर्शन द्वारा प्रत्येक रविवार को राष्ट्रीय नेटवर्क पर भाषावार वर्णमालानुसार क्षेत्रीय फिल्में प्रसारण की जाती हैं । संलग्न विवरण में दिए गए मानदण्ड में उल्लिखित पुरस्कारों को हाल ही में जीतने वाली फिल्मों को प्राथमिकता दी जाती है ।

(ग) तथा (घ) गैर सरकारी सदस्यों वाली जांच समिति द्वारा प्रसारण से पूर्व सभी फिल्मों का पूर्वावलोकन किया जाता है ।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता ।